तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
	राजस्व आवेदन संख्या 10/2020 अनवान नारायणसिंह बनाम चेनाराम	

22/01/21

आदेश

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण के वकील उपस्थित। अप्रार्थीगण ईकतरफा। वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थीगण का कथन है कि प्रार्थीगण मौजा इन्द्रा नगर पटवार क्षेत्र सरणू तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 219 रकबा 144.00 बीघा भूमि का अभिलिखित खातेदार है तथा अपनी खातेदारी भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहते है, इस हेतु निर्धारित शुल्क जमा करवाने को तैयार है।

वकील प्रार्थीगण को सुनने के पश्चात पत्रावली का भी अवलोकन किया गया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि का अभिलिखित खातेदार है तथा अपनी खातेदारी भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहता है जो उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण का आवेदन स्वीकार किया जाकर मौजा इन्द्रा नगर पटवार क्षेत्र सरणू तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 219 रकबा 144.00 बीघा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित कर नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाडमेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाकर निर्देश दिये जाते है कि उक्त कार्रवाई प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस/पत्र सूचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्त्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) की जावे। कमीश्नर फीस 1500/- अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धा[illegible] जाती है, जो प्रार्थीगण द्वारा मौके पर अदा की जायेगी। इस आ[illegible] आदेश तहसीलदार बाडमेर के नाम जारी हो। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर सा[illegible] मिसल हो। पत्रावली फैसल–सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rohit Chauhan
Date: 2021.08.26 17:51:44 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
बाडमेर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री रोहित चौहान, आर.ए.एस

क्रमांक रीडर/2021/ 294 दिनांक – 17.02.21

प्रार्थीगण

1 नारायणसिंह 2 रूपसिंह पिसरान रिडमलसिंह 3 केलकंवर पत्नी रिडमलसिंह 4 खुमाणसिंह 5 देवीसिंह पिसरान समर्थसिंह 6 सरेकंवर पत्नी समर्थसिंह 7 सुगणोंकंवर पत्नी नारायणसिंह जाति राजपूत निवासी पोटलियासर ग्राम पंचायत सरणू चिमनजी 8 कमला पत्नी गोमाराम जाति जाट निवासी मूढों की ढाणी तहसील व जिला बाडमेर।

बनाम

अप्रार्थीगण

1 चेनाराम पुत्र बगताराम 2 सोनाराम पुत्र खुमाराम 3 मूलाराम पुत्र दानाराम 4 गंगाराम 5 बालाराम पिसरान दलाराम 6 सताराम 7 देवाराम पिसरान शिरामाराम 8 भूराराम पुत्र रणछोडाराम जाति जाट निवासी पोटलियासर ग्राम पंचायत सरणू चिमनजी 9 देवीसिंह पुत्र हरीसिंह 10 सागसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह 11 मोढसिंह 12 तनसिंह पिसरान दौलतसिंह जाति राजपूत निवासी पोटलियासर ग्राम पंचायत सरणू चिमनजी तहसील व जिला बाडमेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128,111 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, करने नेखमबन्दी बाबत

राजस्व आवेदन संख्या :– 10/2020 दिनांक– 22.01.21

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा इन्द्रा नगर पटवार क्षेत्र सरणू तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 219 रकबा 144.00 बीघा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थीगण द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

क्रमांक :– रीडर/2021/ 295-98 दिनांक– 17.02.21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी सरणू तहसील बाड़मेर को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करें।
3. नारायणसिंह पुत्र रिडमलसिंह वगैराह जाति राजपूत निवासी पोटलियासर ग्राम पंचायत सरणू चिमनजी तहसील व जिला बाडमेर।
4. विप्रार्थी चेनाराम पुत्र बगताराम वगैरह जाति जाट निवासी पोटलियासर ग्राम पंचायत सरणू चिमनजी तहसील व जिला बाडमेर।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rohit Chauhan
Date: 2021.08.26 17:51:44 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर